# टीकमगढ़



नवभारत
भोपाल, रविवार, 17 मई 2026


### एक नजर में

## रविदास स्वरोजगार योजना पर जोर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल की संचालित योजनान्तर्गत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्रताधारी आवेदक जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते है उनके आवेदन आमंत्रित किये जाते है।**

योजनान्तर्गत विनिमार्ण इकाई के लिए न्यूनतम एक लाख से 50 लाख तक परियोजना लागत होगी। सेवा इकाई खुदरा व्यवसाय हेतु एक लाख से अधिकतम 25 नाख तक परियोजना लागत होगी। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित टर्म लोन और वर्किंग कैपिटल लोन पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित ऋ्रण भुगतान पर दिया जायेगा। आवेदन के साथ आवेदक अनुसूचित जाति का व्यक्ति हो एस हेतु समक्ष राजस्व अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक जिले का मूल निवासी हो सक्षम राजस्व अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण हो। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक नहीं हो।

# कलेक्टर का रात्रि विश्राम, ग्रामीणों को मिला इसका फायदा

**ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद नगदा बांध पर गुजारी रात**

**जन चौपाल में शिकायतों का मौके पर ही निराकरण**





**नवभारत न्यूज,टीकमगढ। आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और ग्रामीण क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने देर रात जुड़ावन गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, राशन और साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कलेक्टर ने चौपाल में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रात्रि जन चौपाल के दौरान कई ग्रामीणों ने नालियों की सफाई, खराब हैंडपंप, अधूरे निर्माण कार्य और बिजली कटौती की शिकायतें कीं।**

दरअसल कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शुक्रवार रात ग्राम पंचायत जुड़वान में रात्रि जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया। देर रात तक चली चौपाल के बाद कलेक्टर ने गांव में ही रात्रि विश्राम किया। जन चौपाल में एसडीएम संस्कृति लिटोरिया, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्रोतिय ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।ग्रामीणों ने पेंशन, समग्र आईडी में परिवर्तन, सीमांकन सहित कई अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर के अनुसार, लगभग 25 से 30 ग्रामीणों की शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि जिले में इन दिनों अधिकतम तापमान 43-44 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। भीषण गर्मी के कारण लोगों को तहसील और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों को गर्मी में भटकना न पड़े, इसके लिए रात्रि कालीन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह कलेक्टर ने राजेंद्र सागर बांध का भ्रमण किया। इसके उपरांत उन्होंने एक बार फिर ग्रामीणों से मुलाकात की और फिर टीकमगढ़ के लिए रवाना हो गए।

### कलेक्टर की पहल की ग्रामीणों द्वारा सराहना

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए और कुछ मामलों में तत्काल कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा गांव में पहुंचकर समस्याएं सुनने की पहल की सराहना की। जन चौपाल में एसडीएम संस्कृति लिटोरिया, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान किसानों ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को सहजता से अपने बीच देखकर बहुत अच्छा महसूस किया और अपनी समस्याएं सुनाई।

### समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जुड़ाबन गांव में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, राशन और साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने रात्रि चौपाल में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने समस्याओं का निराकरण अधिकारियों को निर्देश देकर मौके पर कराया।

## सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। टीकमगढ़-सागर हाईवे पर शनिवार की दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बड़ागांव थाना क्षेत्र में धसान नदी के पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।**

जानकारी के अनुसार बाइक सवार एक बुलेरा वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में सत्येंद्र यादव पिता चीटू यादव शामिल हैं। वहीं उनके साथ बाइक पर सवार एक और सुबरन यादव निवासी झंकर की भी हादसे में मौत हुई है। दूसरे मृतक की पहचान पुलिस द्वारा की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है, जबकि ट्रक चालक को हिरासत में लेकर थाने में बैठाया गया है।पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। शुरुआती जांच में ओवरटेक के दौरान हादसा होना बताया जा रहा है। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है। हाईवे पर शनिवार की दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बड़ागांव थाना क्षेत्र में धसान नदी के पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि रथ किया रवाना



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में विश्राम भवन परिसर में क्षेत्र के किसान भाइयों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और उन्नत खेती के तौर-तरीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।**

इस अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी अवसर पर हमारे जिले के संवेदनशील कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुझे इस किसान-हितैषी अभियान की शुरुआत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।यह कृषि रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों और गांवों में भ्रमण करेगा।

इसका मुख्य उद्देश्य हमारे अन्नदाताओं तक कृषि विभाग की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे पहुंचाना है।हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव किसानों के उत्थान और उनकी आय दोगुनी करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। जिला प्रशासन के समन्वय से शुरू हुआ यह रथ हमारे ग्रामीण अंचलों में कृषि क्रांति लाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में हमारे कर्मठ किसान भाई उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के पुलिस लाइन ग्राउण्ड पर एक से 30 मई तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 4 साल के छोटे बच्चों से लेकर बडे स्कूल के छात्र-छात्रायें भाग ले रही है।**

छात्राओं को ग्रीष्मकालीन खेल में सॉफ्टबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, मलखम, जूडो कराटे ,खो खो, कबड्डी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्न खेलो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पांच दिनों से भीषण गर्मी का दौर निरंतर जारी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में पिछले पांच दिनों से भीषण गर्मी का दौर जारी है। शनिवार को दोपहर 12 बजे अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।**

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा छा गया। हवा की औसत गति 3 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है, जबकि आर्द्रता 23न्न रहेगी, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने बताया है कि सोमवार से तापमान में और अधिक वृद्धि होगी। इस दौरान लू चलने का अलर्ट भी जारी किया गया है। अगले तीन से चार दिनों तक गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस था।

## व्यवसाय के लिए मांगे जा रहे आवेदन

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मप्र राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल की संचालित योजनान्तर्गत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति टीकमगढ़ द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्रताधारी आवेदक जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते है उनके आवेदन आमंत्रित किये गये है।**

योजनान्तर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि 10000 रूपये से एक लाख होगी। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋ्रण भुगतान पर दिया जायेगा।

# शनि जयंती पर मामौन मंदिर में उमड़ी भीड़



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मामौन स्थित शनि पहाड़ी पर शनि जयंती के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डालीं।**

भक्तों ने न्याय के देवता शनि देव को सरसों का तेल और काले तिल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इसी के साथ, बट सावित्री पर्व भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है।नजरबाग मंदिर के पुजारी पंडित सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि शनि जयंती वह तिथि है जब शनि देव का प्राकट्य हुआ था। इसे ज्येष्ठ अमावस्या के दिन विशेष रूप से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसका संदेश यह है कि जीवन में कठिन परिस्थितियां होने पर भी यदि व्यक्ति सत्कर्म और परिश्रम करता रहे, तो वह सफलता और सम्मान प्राप्त कर सकता है।ज्योतिष में शनि को कर्म, न्याय, अनुशासन, धैर्य और जीवन के कठिन पाठों का ग्रह माना जाता है। इसी कारण इन्हें न्यायाधीश ग्रह भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार, शनि देव का जन्म सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया से हुआ था। उनका प्रभाव धीमा लेकिन गहरा और दीर्घकालिक होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से शनि व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल देते हैं। जन्म कुंडली में जहां वे स्थित होते हैं, वहां न्याय सुनिश्चित करते हैं, जबकि उनकी दृष्टि वाले भावों में परिणाम मिलने में विलंब होता है, जो व्यक्ति के धैर्य की परीक्षा होती है। पंडित द्विवेदी ने बताया कि शनि देव केवल पूजा से नहीं, बल्कि सत्कर्म और अच्छे व्यवहार से अधिक प्रसन्न होते हैं। मामौन स्थित शनि पहाड़ी पर शनि जयंती के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डालीं।

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने बुड़ेरा में की नारेबाजी

**चप्पे-चप्पे पर भारी मात्रा में पुलिस बल रहा तैनात**

**मामले में निष्पक्ष जांच का दिलाया भरोसा**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। बुड़ेरा में शनिवार को भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन भीम आर्मी पदाधिकारी संजू चौधरी के साथ कथित दबंगों द्वारा की गई मारपीट की घटना को लेकर किया गया। घटना से नाराज कार्यकर्ता देरी गांव पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें बुड़ेरा में ही रोक दिया।**

स्थिति को देखते हुए देरी गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से लगातार बातचीत कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया। करीब कई घंटों तक चली समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के सामने विभिन्न मांगें रखीं। संगठन की ओर से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई, पीड़ित पक्ष को सुरक्षा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, हालांकि बाद में पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद हालात सामान्य हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से लगातार बातचीत कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया। प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखीं। संगठन की ओर से आरोप लगाया गया कि संजू चौधरी के साथ दबंगों ने जो कुछ कर माहौल बनाने की कोशिश की है। कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी की गई, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद हालात सामान्य हो गए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। आंदोलन को लेकर पुलिस प्रशासन बैहद सजग दिखाई दिया।

**प्रदर्शन** प्रभारी तहसीलदार को दिया ज्ञापन

# अवैध शराब की बिक्री से परेशान महिलाओं का प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। थाना क्षेत्र के मस्तापुर ग्राम से परिवार के साथ आई लगभग दो दर्जन महिलाओं ने शनिवार की सुबह तहसील के गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। महिलाओं द्वारा बताया गया कि मस्तापुर गांव में तीन से चार जगह अवैध शराब की बिक्री की जा रही है, सुबह शाम शराब के नशे में लोग सड़कों पर खड़े होकर गाली गलौज एवं झगड़ा करते जिससे महिलाएं घर से बाहर निकलना आसहज महसूस करती है। गांव में पुरुषों को शराब की लत लग जाने से अधिकांश परिवारों में कलह वातावरण बना रहता है और बच्चों के भविष्य पर भी असर पड़ रहा है।**

लंबे समय से परेशान गांव की महिलाओं ने गांव में इस अवैध कारोबार को बंद कराने की योजना बनाई और अपने परिजनों के साथ मोहनगढ़ तहसील पहुंच कर गांव में अवैध शराब की हो रही बिक्री पर रोक लगाने को लेकर तहसीलदार से गुहार लगाई, महिलाओं की भीड़ देख कर प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह महिलाओं के बीच पहुंचे और तहसील के मुख्य गेट पर बैठी दर्जनों महिलाओं को देखकर प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह भी दरी बिछाकर जमीन पर बैठ गए और महिलाओं को गंभीरता से सुना इसके बाद मौके पर मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे पहुंचे दोनों ने महिलाओं की समस्या को सुना और समस्या के निराकरण के लिए महिलाओं को अस्वस्थ किया। इन दिनों अफसरशाही को शनिवार, रविवार के अवकाश का उतना ही इंतजार होता है जितना कि महीने के अंत में सैलरी का, बात करें लोगों की समस्याएं सुनने की तो प्रत्यक्ष रूप से लोगों को सुनना तो दूर की बात अवकाश के दिन कुछ अफसर फोन उठाना भी उचित नहीं समझते है. लेकिन कुछ अधिकारी हकीगत में जनता को जनता और अपने आप को जनता का नौकर आज भी समझते है. कुछ ऐसी तरह मिशाल मोहनगढ़ तहसीदार सावंत सिंह ने पेश की है उन्होंने शनिवार की सुबह कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की मंशा के अनुकूल पास के गांव मस्तापुर से अवैध शराब की बिकी पर रोक लगाने का आवेदन लेकर तहसील के गेट पर बैठी महिलाओं को देख कर प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह खुद जमीन पर बैठ गए और पीड़ित महिलाओं को गंभीरता से सुना और महिलाओं की समस्या के निवारण की योजना बनाई। शराब के नशे में लोग सड़कों पर खड़े होकर गाली गलौज एवं झगड़ा करते जिससे महिलाएं घर से बाहर निकलना आसहज महसूस करती है। गांव में पुरुषों को शराब की लत लग जाने से अधिकांश परिवारों में कलह वातावरण बना रहता है और बच्चों के भविष्य पर भी असर पड़ रहा है।

### थाना प्रभारी ने महिलाओं को दिलाया भरोसा

मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे मौके पर पहुंचे और उन्होनें महिलाओं की समस्या को सुना और समस्या के निराकरण के लिए महिलाओं को अस्वस्थ किया। थाना प्रभारी ने महिलाओं से कहां कि आप लोग निश्चिंत रहे। मस्तापुर गांव सहित मोहगनढ़ क्षेत्र में अवैध शराब किसी भी हालत में नहीं बेची जाएगी।

## 21 मई को लगेगा रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ़ में 21 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी-मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज 21 मई को प्रातः 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेल का आयोजन किया जा रहा है।

## विधिक साक्षरता शिविर में अधिकारी शामिल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में जिला जेल का निरीक्षण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

सुनीता गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बंदीगण को उनके अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही प्लीवारगेनिंग योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बंदीगण से उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध है अथवा नहीं, के संबंध में जानकारी ली।

जिला जेल की पुरूष एवं महिला बैरक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जेल में सभी व्यवस्थाएं अच्छी पायी गई। बंदियों से पूछताछ करने पर बंदियों द्वारा जेल में कोई परेशानी नहीं होना बताया गया तथा भोजन, स्वास्थ्य उपचार व्यवस्था, मुलाकात व्यवस्था एवं वीडियो कॉफ्रेंस से पेशी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का होना अच्छा बताया गया।